## न्यूज ब्रीफ

### हादसे के बाद सुधारा अधूरा छोड़ा निर्माण

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नाला निर्माण कार्य के दौरान पुलिया के पास खुली छोड़ी गई सरियों को हादसे के बाद ठेकेदार ने सुधार कराया। यह अव्यवस्था लंबे समय से हादसे का सबब बनी हुई थी। बता दें कि नगर पंचायत की ओर से कस्बे में दौलतपुर मार्ग पर पानी निकास के लिए नाले का निर्माण कराया गया था। इस मार्ग पर पुलिया के समीप कार्य अधूरा छोड़ने के साथ ही सरिया खुली छोड़ दी गई थी। शुक्रवार को एक युवक पुलिया से गिर गया था और उसकी जांघ में सरिया घुस गई थी। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। इस हादसे के बाद शनिवार को ठेकेदार ने श्रमिक लगाकर अधूरे निर्माण कार्य और अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया।

### जहर खाने का अंदेशा महिला रेफर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** जनपद बरेली के थाना व कस्बा क्योलड़िया की रहने वाली 23 वर्षीय शिवानी गंगवार पत्नी दर्शन सरन को शुक्रवार रात परिजन बरखेड़ा सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने जहरीला पदार्थ खाए होने की आशंका जताई। प्राथमिक इलाज के बाद विवाहिता को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### दंपती के घायल होने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** जनपद शाहजहांपुर के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव गुवारी के निवासी दीपू पुत्र अशर्फीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन मार्च की शाम चार बजे उनका भतीजा सुमित और उसकी पत्नी मधु बाइक से थाना बरखेड़ा के गांव बस्थना जा रहे थे। पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर गाजीपुर मुगल के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दंपति घायल हो गए थे ।पुलिस ने बाइक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### गाली गलौज का विरोध करने पर मारपीट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया पचपेड़ा के निवासी अजयपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 अप्रैल को वह अपने गांव में मकान का लिंटर डालकर घर वापस आ रहे थे। रास्ते में गांव के ओमप्रकाश ने गाली गलौज का विरोध करने पर पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# हल्की बारिश में जलभराव, नालों में गंदगी के अंबार

## बेमौसम बरसात से जलभराव से मुक्ति के दावे फेल, सड़कों को कई स्थानों पर ऊंचा कराया फिर भी नाले-नालियों की समस्या रही बरकरार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शहर के अधिकांश नालों की बदतर हो चुकी तस्वीर, पॉलिथीन के लगे ढेर कर रहे चोक
- डीएम से शिकायत भी हो चुकी मगर, नालों की सफाई अब भी नहीं हो सकी

**अमृत विचार :** बेमौसम बरसात ने जलभराव से मुक्ति के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाने के साथ ही मानसून को लेकर चिंता बढ़ा दी है। बीते दिनों हुई हल्की सी बारिश के बाद कई जगह जलभराव हो गया और मुख्य सड़कें तालाब बन गईं। इसे लेकर शिकायत डीएम से की जा चुकी है। मगर, उसके बाद भी नाले -नालियों को साफ नहीं कराया जा सका। मुख्य नालों में पॉलिथीन और डिस्पोजल के ढेर से नाले चोक हो गए हैं। जल निकासी की मूल समस्या जस की तस बनी हुई है।

ढाई लाख से अधिक आबादी वाले शहर में 27 वार्ड हैं। 59 मोहल्ले और 21 से अधिक कॉलोनियां हैं। वहीं करीब दो किलोमीटर में बाजार है। शहर में करीब छोटे-बड़े मिलाकर 38 नाले हैं। इनमें छह नाले बड़े हैं, जबकि 32 नाले छोटे हैं। हर वर्ष मानसून सत्र आने से पहले नाला सफाई कराई जाती है, ताकि शहर में जलभराव की समस्या न हो। मगर न तो जलभराव से मुक्ति मिल सकी है न ही हालात बेहतर हो सके हैं। अभी कुछ दिन पहले हुई 12 एमएम बारिश ने शहर की मुख्य सड़कों को तालाब बना दिया। इसके बाद डीएम से शिकायत भी हो चुकी है। मगर, नालों की सफाई अब भी नहीं हो सकी है।

कई हिस्सों में नाले कूड़े और सिल्ट से पटे पड़े हैं। मोहल्ला नखासा का नाला हो या फिर देशनगर से यशवंतरी देवी मंदिर को जाने वाला नाला। एकता सरोवर, बेनी चौधरी, रमा गार्डन, गांधी स्टेडियम रोड, गौहनिया चौराहा समेत कई नाले पॉलिथीन व डिस्पोजल से चोक पड़े हैं। पानी की निकासी नहीं होने से हल्की बारिश में नाले उफना रहे हैं। जलभराव होते ही गंदा पानी सड़क पर आने लगता है। चार दिन पहले हुई बारिश में हकीकत समाने आ चुका है। इसके बाद बावजूद अभी भी जिम्मेदार बेसुध है।


गांधी स्टेडियम से लेकर हनुमान मंदिर तक चोक पड़ा नाला व भरी पॉलिथीन।

> सफाई कराने के लिए नाले चिन्हित कर लिए गए हैं। टेंडर अपलोड कर निविदाएं मांगी गई हैं। छोटे नालों की सफाई प्रतिदिन कराई जाती है। मानसून से पहले समस्त बड़े नालों की सफाई के लिए टेंडर किया जाता है। जल्द ही नाला सफाई शुरू करा दी जाएगी। जिन स्थानों पर जलभराव की समस्या अभी भी बनी हुई। उन स्थानों को चिन्हित कराकर निदान किया जाएगा। – **संजीव कुमार**, ईओ नगर पालिका पीलीभीत

### लापरवाही और अनदेखी बनी कारण

इस अव्यवस्था के पीछे लापरवाही और अनदेखी दोनों ही कारण माने जाते हैं। मानसून से पहले नाला सफाई की औपचारिकता निभाई जाती है, लेकिन इसके बाद साल भर कोई गंभीरता नहीं बरती जाती। अगर समय-समय पर नाला सफाई की सुध ली जाए तो शायद हालात इतने बदतर न हो। वहीं, गांधी स्टेडियम रोड, विशाल टॉकीज के पास आदि कई नालों के आसपास स्ट्रीट फूड हब सा बन चुका है। यहां से झूठी पत्तल, डिस्पोजल गिलास, पॉलिथीन का ढेर आदि नालों में ही फेंक दिया जाता है। सफाई होती नहीं, जिसके चलते वर्तमान समय में तस्वीर बदतर हो चुकी है। गंदगी फेंकने वालों पर भी सख्ती नहीं हो सकी है। पिछले साल की बात करें तो नाला सफाई में नगरपालिका ने 32 लाख रुपये खर्च किए थे। उसके बाद भी शिकायतें हुई और जलभराव भी मुसीबत बना रहा था।


शहर के मोहल्ला नखासा की ओर जाने वाले नाले में गदंगी का अंबार।


गौहनिया चौराहे पर गंदगी से पटे होने के बाद रेहड़ी पटरी वालों ने नालों पर लगाए पर्दे।

### नाली के पानी के निकास की समस्या

शहर में नगरपालिका ने जलभराव की समस्या को ऊंची नीचे सड़कों और नालों से जोड़कर देखा था। इस पर नगरपालिका की ओर से शहर की कई प्रमुख सड़कों का निर्माण कराया जा चुका है, ताकि जलभराव न हो। मगर, उसके बाद भी बीते दिनों जलभराव हो गया। ऐसे में चिंता बरकरार है। इसके पीछे वजह से भी कही जा रही है कि सड़कें ऊंची करा दी गई लेकिन नाली के पानी के निकास को लेकर कोई सुध नहीं ली गई। हाल ही में अग्रवाल सभा के पास की सड़क बनाई गई। यहां पर बीते दिनों बारिश के बाद जलभराव हो गया। इस पर स्थानीय लोगों का कहना था कि पानी के निकास की दिक्कत दूर न होने की वजह से परेशानी बनी है। सड़क ऊंची होने से अब तेज बारिश में ये डर और है कि कहीं पानी दुकान-घरों के भीतर न घुसने लगे।

# अपराधी का मनाया जन्मदिन तीन निलंबित

**बीसलपुर, अमृत विचार:** पुलिसकर्मियों द्वारा एक अपराधिक किस्म के व्यक्ति का जन्मदिन मनाया गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए तीन हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बताते हैं कि शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। इस वीडियो में बीसलपुर कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल यश शर्मा, धर्मेंद्र कुमार और सुधीर कुमार मोहल्ला दुबे के रहने वाले एक आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति के साथ जन्मदिन मनाते हुए दिखाई दे रहे थे। बताते हैं कि जो व्यक्ति वायरल वीडियो में दिखाई देखा रहा था वह मादक पदार्थ की अवैध तरीके से बिक्री करने का धंधा करता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस से मिलीभगत की चर्चाएं तेज हो गईं। वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जांच कराई। जांच में प्रथम दृष्ट्या आरोप सही पाए जाने पर तीनों पुलिस कर्मियों के लिए निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से विभाग में खलबली मची रही।

# अब किताबों से आगे बढ़ेगी पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- माध्यमिक शिक्षा के नए कैलेंडर में व्यावहारिक गतिविधियों पर जोर

**अमृत विचार :** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र से शिक्षा का स्वरूप बदलने की तैयारी पूरी हो गई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के नए कैलेंडर के अनुसार अब पढ़ाई को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी सोचने-समझने की क्षमता को विकसित किया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिताएं, रचनात्मक प्रोजेक्ट कार्य और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से जुड़ी गतिविधियां अनिवार्य कर दी गई हैं। इसके जरिए छात्रों को न केवल विषयों की गहराई से समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा, बल्कि वे अपने जिले की पारंपरिक कला, शिल्प और उद्योगों से भी परिचित हो सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने कक्षा नौ और 11 के विद्यार्थियों के लिए नए सत्र की शुरुआत से ही प्रोजेक्ट कार्य को अनिवार्य कर दिया है। छात्र भाषा, गणित, विज्ञान और कला विषयों से जुड़े प्रोजेक्ट तैयार करेंगे, जिससे उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, छात्रों को शिल्प मेलों और प्रदर्शनियों का भ्रमण भी कराया जाएगा, ताकि वे एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत स्थानीय उत्पादों और उनसे जुड़े रोजगार के अवसरों को समझ सकें।

शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से छात्रों में रटने की प्रवृत्ति कम होगी और वे विषयों को समझकर सीखने की ओर अग्रसर होंगे। साथ ही, यह पहल उन्हें भविष्य में स्वरोजगार और कौशल आधारित करियर की दिशा में भी प्रेरित करेगी। डीआईओएस राजीव कुमार ने बताया कि पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए रचनात्मक प्रोजेक्ट और ओडीओपी भ्रमण को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है, जिससे छात्र किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर सकेंगे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान चलाएगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक दिन पूर्व भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक, तय की जिम्मेदारी
- आज से शुरू होकर 20 अप्रैल तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान की रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठक आयोजित की गई। पदाधिकारियों संग विचार विमर्श कर कार्ययोजना बनाई और जिम्मेदारी तय की गई।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि 12 से 20 अप्रैल के बीच संगठन द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए विधानसभा स्तर तक संयोजक नियुक्त किए गए हैं। अभियान में नारी सशक्तिकरण के लिए महिला सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा, बाइक स्कूटी रैली, महिला दौड़ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार सभी क्षेत्रों में महिलाओं की 33 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नारी सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य चल रहा है। उसी के निमित्त ये अधिनियम है। जिसके प्रचार प्रसार के लिए ये अभियान आयोजित किया जा रहा है।


बैठक में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा को जिला संयोजक बनाया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, रेखा सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा, जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा, ऋचा सिंह पटेल, पंकजा तिवारी, रेनू राज, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, अभिमन्यु गंगवार, राम चरण राठौर, विजय सरकार, दीपक सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।

# वीडीओ संघ के रामकिशोर बने जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी का चुनाव शनिवार को एक होटल में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय तोमर, सहचुनाव अधिकारी जिलाध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अवनीश कुमार ने प्रक्रिया संपन्न कराई। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला अध्यक्ष हसमुद्दीन खां मुख्य अतिथि रहे।

इस दौरान सर्वसम्मति से निर्विरोध पदाधिकारी निर्वाचित हुए। रामकिशोर जिलाध्यक्ष बनाए गए। आर्येंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौरभ गंगवार जिला मंत्री, रूपेश कुमार उपाध्यक्ष , राहुल कनौजिया कोषाध्यक्ष, मेवालाल ऑडिटर, नागेंद्र कुमार संगठन मंत्री, ललित मोहन गंगवार संयुक्त मंत्री, सुधीर कुमार प्रांतीय प्रतिनिधि बनाए गए। इसके अलावा वीरेंद्र कुमार, महेशपाल, प्रवीण मौर्य कार्यकारिणी सदस्य बनाए।

अंत में चुनाव अधिकारी ने आभार व्यक्त किया और पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।


पदाधिकारियों को शपथ दिलाते चुनाव अधिकारी संजय तोमर। ● अमृत विचार

- आर्येंद्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौरभ बने जिला मंत्री
- निर्विरोध हुआ चुनाव, पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ

# बीएसए ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान जर्जर छात्रावास भवन के शीघ्र मरम्मत कर उपयोग में लाने की बात कही गई।

कस्बे में शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डन अल्का मिश्रा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने विद्यालय में पूर्व से अध्ययनरत और नवप्रवेशी छात्राओं से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। छात्राओं से सीधा संवाद कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का आकलन किया। बीएसए ने विद्यालय के पास पुराने छात्रावास भवन का निरीक्षण किया, जो कई वर्षों से उपयोग में न होने के कारण जर्जर स्थिति में है। बताया कि इस भवन की मरम्मत के लिए फाइल भेजी जा चुकी है और संभवतः सोमवार तक स्वीकृति मिल जाएगी। इसके बाद शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भवन के सुधार के बाद इसका उपयोग पास स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरखेड़ा में पढ़ने वाली दूरदराज की गरीब छात्राओं के आवास के रूप में किया जाएगा।

# एनजीओ इंटर्नशिप के लिए 10 छात्रों को मिला लेटर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला पंचायत कार्यालय में एनजीओ इंटर्नशिप प्रशिक्षण 2026 के ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। चयनित 10 बच्चों को इंटर्नशिप के लिए आधिकारिक रूप से ऑफर लेटर दिए गए। बतौर अतिथि शामिल हुए सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें सामाजिक कार्य व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

सीडीओ ने बताया कि प्रकृति का संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी जरुरत है। स्वच्छ वातावरण, सतत विकास और सामाजिक जिम्मेदारी हम सभी का सामूहिक दायित्व है। आह्वान किया कि वे अपने इंटर्नशिप काल में गांव-गांव जाकर समाज की वास्तविक समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए प्रयास करें। बच्चों ने भी अपने विचार साझा किए। विश्वास दिलाया कि वे अपने प्रशिक्षण के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेंगे। बताया गया कि जून में प्रशिक्षण की शुरुआत की जाएगी।


चयनित विद्यार्थियों से संवाद करते सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास। ● अमृत विचार

- सीडीओ ने किया प्रेरित, जून से शुरू होगा प्रशिक्षण

इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए चयनित होने वालों में सलोनी यादव, ऋषु अग्रवाल, रणतेज सिंह, अमनपाल सिंह, विशेष जायसवाल, वंश सक्सेना, गुरलीन कौर, विशाल, खुशमीत कौर, मोहम्मद फैजान थे।

# श्मशान घाट और ब्लॉक रोड के सुधार की मांग


पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की युवा विंग के पूरनपुर अध्यक्ष नितिन वर्मा ने कार्यकर्ताओं संग पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बच्चों वाले श्मशान घाट की दुर्दशा और ब्लॉक रोड की जर्जर हालत पर रोष व्यक्त किया गया। कहा कि शेरपुर रोड स्थित श्मशान घाट में शव दफनाने में बाधा आ रही है। थोड़ी सी खुदाई करते ही पानी निकल आता है। यहां मिट्टी डलवाने की मांग की।

खाली जमीन पर इंटरलॉकिंग, बैठने के लिए बेंच, बाउंड्री वॉल के रंग-रोगन और छुट्टा पशुओं का प्रवेश रोकने के लिए गेट लगवाने का आग्रह किया। साथ ही पूरनपुर ब्लॉक रोड पर गड्ढों से हो रही परेशानी को देखते हुए सुधार कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद हसन, राहत शेरी, विकास गुप्ता ,गौरव पांडे ,सुभाष गुप्ता ,अंकित अग्रवाल, मोहम्मद एजाज शरीफ, हसमत अली, शमशुल हसन, शान मोहम्मद,शहीदुल हसन ,रिजवी सिद्दीकी, गौरव गुप्ता ,संजीव यादव आदि मौजूद रहे।

# सपा ने मनाई ज्योतिराव फुले की जयंती

**पीलीभीत, अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 11 अप्रैल को जिला कार्यालय पर ज्योतिराव फुले की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान अध्यक्षता करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले ने समाज में व्याप्त जातिवाद, छुआछूत और असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा माध्यम बताया और महिलाओं तथा वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार अभी भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेंद्र मौर्य ने कहा कि महात्मा फुले का जीवन हमें समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। संचालन नगराध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल ने किया। इस मौके पर अर्जुन,जमाल खान,रोहित मिश्रा,राजकुमार, नसीम खान आदि मौजूद रहे।

**संरक्षण** | पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पहले एक साथ दिखते थे 25-30, अब 100-200 के झुंड में दिख रहे बारहसिंघा

# बारहसिंघा के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन रहा पीटीआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** किसी भी वन क्षेत्र की समृद्धता का असली पैमाना वहां की फलती-फूलती वन्यजीव आबादी होती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व इस कसौटी पर न केवल खरा उतरा है, बल्कि नए कीर्तिमान भी स्थापित कर रहा है। कभी बाघों की संख्या दोगुनी कर अंतरराष्ट्रीय टीएक्सटू अवार्ड जीतने वाला यह जंगल अब संकटग्रस्त बारहसिंघा के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

ज्वैल ऑफ तराई कहे जाने वाला पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। बाघ संरक्षण परियोजना ने जंगल को संजीवनी दी तो परिणाम यह हुआ है कि यहां बाघ समेत वन्यजीवों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। बढ़ती जैव विविधता का ही परिणाम है कि अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघ-तेंदुआ ही नहीं बल्कि शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। तीन वर्ष पूर्व की गई तृणभोजी (शाकाहारी) वन्यजीवों की गणना की तुलना में वर्तमान आंकड़े उत्साहजनक हैं।

अनुकूल पर्यावास और सुरक्षा के चलते शाकाहारी वन्यजीवों के कुनबे में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इन्हीं शाकाहारी वन्यजीवों में हिरण प्रजाति का बारहसिंघा भी शुमार है। बाहरसिंघा उत्तरप्रदेश का राजकीय पशु भी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बारहसिंघों की बात करें तो जंगल से जुड़े जानकारों के मुताबिक यहां के जंगलों में बारहसिंघों की मौजूदगी उस दौरान भी थी, मगर ये 25-30 के झुंड में दिखते थे। मगर, अब इनकी संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के मुताबिक टाइगर रिजर्व की माला नदी के इलाकों में 100 से लेकर 200 की संख्या में बारहसिंघों के झुंड कुलाचें भरते देखे जा रहे हैं। बारहसिंघा विशेष रूप से दलदली घास के मैदानों में रहने के लिए अनुकूलित है। नर बारहसिंगा के सींगों में 10 से 14 (कभी-कभी 20 तक) शाखाएं होती हैं। बारहसिंघा के अलावा टाइगर रिजर्व में हिरण प्रजाति के चीतल, सांभर, बार्किंग डियर, हॉग डियर की संख्या में खासी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है।


पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा का झुंड। ● अमृत विचार



> पीटीआर में बेहतर पर्यावास प्रबंधन और सुरक्षा चक्र मजबूत होने के कारण शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। विशेषकर बारहसिंघों का 100 से 200 के झुंड में दिखना यह दर्शाता है कि यहाँ का ईको सिस्टम पूरी तरह से संतुलित है। बाघों के साथ-साथ अन्य वन्यजीवों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

- पीटीआर में माला नदी के आसपास सबसे ज्यादा देखी जा ही मौजूदगी

### सुरक्षा और शांत माहौल का असर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा की आबादी में हुई बढ़ोत्तरी को वन अफसर भी स्वीकारते हैं। डिप्टी डायरेक्टर मनीष की मानें तो एक दशक पूर्व टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद यहां संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव आए हैं। अवैध इंसानी घुसपैठ पर लगाम लगने से जंगल की जैवविविधता संरक्षित हुई है। विशेषकर माला नदी के आसपास का दलदली इलाका बारहसिंघों के प्रजनन और अस्तित्व के लिए सबसे मुफीद साबित हो रहा है। यही कारण है कि विलुप्त होने की कगार पर खड़े बारहसिघा अब दोबारा अपनेअस्तित्व की ओर लौट आए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरहना निवासी 55 वर्षीय नन्हेलाल पुत्र मुन्नालाल खेती करते थे। वह शुक्रवार को ग्राम बलरामपुर में एक दावत में शामिल होने के लिए गए थे। वापस आते वक्त देर शाम जमुनिया जगतपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में सीएचसी पूरनपुर भिजवाया गया, वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और हादसे के बारे में जानकारी की। परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक तीन पुत्र और दो पुत्री हैं।

### सीएचसी के चिकित्सक का निधन, शोक जताया



**बिलसंडा, अमृत विचार :** सीएचसी में तैनात डॉ. सतेंद्र कुमार का बीमारी के चलते शुक्रवार शाम निधन हो गया। वह तीन वर्ष से सीएचसी में सेवाएं दे रहे थे। अपने घर मुरादाबाद छुट्टी पर गए हुए थे। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति को प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में सीएचसी अधीक्षक डॉ. छत्रपाल सिंह, चीफ फार्मासिस्ट अवधेश गुप्ता, फार्मासिस्ट भूपेंद्र सिंह, सोमवीर, डॉ. दानियाल अहद आदि थे।

# कर्जमाफी और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग

## एकजुट हुए किसान, 68 गांव के 10 हजार से अधिक किसानों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद के 68 गांवों के किसानों की ओर से कर्जमाफी को लेकर राष्ट्रपति को पत्र लिखे गए हैं। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का भी आग्रह किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं निवर्तमान प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार की ओर से शुरू की गई इस पहल को आगे अन्य गांवों तक पहुंचाते हुए फिर मंडल और प्रदेश स्तर पर ले जाने की योजना बनाई गई है। कांग्रेस नेता ने संबंधित गांवों के दर्जनों किसानों के साथ एक होटल में शनिवार को प्रेसवार्ता कर बात रखी। मौजूदा ग्रामीणों ने किसानों की परेशानियों के समाधान की मांग की।

कांग्रेस नेता के साथ ही संबंधित गांवों के कुछ ग्रामीण होटल में एकत्र हुए। कुमुद गंगवार ने बताया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क किया और इसी दिन से इन बिंदुओं पर मुहिम की शुरुआत कर दी थी। जिसके बाद ललौरीखेड़ा और अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के करीब 68 गांवों के 10 हजार से अधिक किसानों ने प्राकृतिक आपदाओं सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, छुट्टा पशु द्वारा फसलों को नरूट करने जैसी समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को पत्र रजिस्ट्री के माध्यम से भेजा है। इस पत्र में कर्जमाफी और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी प्रदान करने की मांग की गई है।

ग्रामीण भारत संकट की ओर है। युवा पीढ़ी खेती से दूरी बना रही है। शहरी क्षेत्रों में पलायन बढ़ रहा है। किसान को उसकी फसल का उचित दाम छोड़िए प्राकृतिक आपदा के बाद फसल नष्ट होने पर मुआवजा भी सही से नहीं मिल पाता। ये भी बताया कि आगे वह प्रयास करेंगे कि अन्य गांवों के किसानों को भी इस मुहिम से जोड़ें। पत्र में राष्ट्रपति से किसानों द्वारा संवैधानिक हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। इस मौके पर प्रदीप मौर्य, अरविंद तिवारी, खुर्शीद अहमद, राम अवतार, घनश्याम, रामप्रसाद, भजनलाल, सूरज सागर, रामपाल सागर, आंगनलाल, योगेश कुमार, सोमपाल, मंगली प्रसाद, लालाराम, भागीरथ, टाकनलाल, रामपाल, ऊदल आदि किसान मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता करते किसानों संग मौजूद कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार। ● अमृत विचार

- कांग्रेस नेता ने ग्रामीणों संग प्रेसवार्ता कर दी जानकारी
- अन्य गांवों तक मुहिम पहुंचाने की चल रही तैयारी

### इन गांवों के हैं पत्र भेजने वाले किसान

राष्ट्रपति को भेजे पत्र में 68 गांव के दस हजार से अधिक किसानों के हस्ताक्षर होने का दावा किया गया है। जिसमें अधिकांश गांव ललौरीखेड़ा, अमरिया व कुछ मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के बताए गए। जिसमें सूरजपुर, शिवनगर, गौनेरी, गौनेरा, बेनीपुर, रामपुर, रंपुरा, नवादा कंजा, खमरिया पुल, सेमरखेड़ा, धनकुनी, गुलड़िया दुल्हन, बकसपुर, उगनपुर, लाडपुर, सैजना, कनाकोर, गोंछ, गहलुईया, उझैनिया, शिवपुरिया, अमरगंज, मानपुर, मिलक, जटपुरा, ललौरीखेड़ा, लालपुर आदि गांव के किसान हैं।

### बोले-धमकी का समर्थन नहीं, मगर आखिर ये हुआ क्यों?

अभी बीते दिनों पूरनपुर मंडी समिति में गेहूं खरीद की अव्यवस्थाओं के बीच एक किसान नेता द्वारा डीएम के सीयूजी नंबर पर कॉल कर धमकाने का मामला सामने आया था।जिसमें एफआईआर दर्ज कर किसान नेता की गिरफ्तारी भी की गई थी। इस प्रकरण को लेकर भी विचार रखे गए। कहा कि वह न तो ये समर्थन करते हैं कि कोई अफसर को धमकाए न ही ये कि कोई अफसर किसान को धमकाए। मगर, पूरनपुर तहसील क्षेत्र से बीते दिनों सामने आए पूरे मामले में व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसी क्या वजह रही कि ऐसा हुआ। इसके अलावा बीते दिनों हुई धान खरीद, खाद की किल्लत आदि को लेकर भी सवाल उठाए गए।

### किसान का बेटा बजट पर प्रधानमंत्री से करेगा संवाद



**पीलीभीत, अमृत विचार:** कलीनगर तहसील के गांव ग्राम दोदपुर खल्लपुर निवासी किसान रामभजन के पुत्र पवन कुमार वर्तमान में आरएसएम (पीजी) कॉलेज धामपुर (बिजनौर) में एमएससी (कृषि) शस्य विज्ञान के छात्र हैं। बीते दिनों पवन कुमार ने माय भारत बजट क्वेस्ट में हिस्सा लिया था। छात्र पवन कुमार के मुताबिक माय भारत बजट क्वेस्ट के तहत 3 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रश्नोत्तरी एवं 23 फरवरी से 3 मार्च तक होने वाली निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया था। पवन ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर दोनों चरणों को पार किया। छात्र पवन कुमार ने बताया कि दोनों चरणों में मिली सफलता के बाद अब उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने का अवसर दिया गया है। इसके तहत वे 12-13 अप्रैल को होने वाले वर्चुअल संवाद में सीधे प्रधानमंत्री से बजट संबंधी विषयों पर चर्चा करेंगे। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले पवन की इस उपलब्धि पर उनकी माता रेशमा देवी और बड़े भाई तेजराम सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों का कहना है कि पवन शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहा है। यह कलीनगर और जनपद के लिए गौरव का क्षण है।

# वॉलीबॉल का पहला मैच सतपुरा हाउस ने जीता



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बेनहर पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई इंटर हाउस प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार:** बेनहर पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सीनियर विंग की इंटर हाउस वॉलीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा के निर्देशन में सम्पन्न हुईं। प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा, हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य ने मैच रेफरी का दायित्व संभाला।

प्रतियोगिता का पहला बास्केटबॉल मैच विंध्या और सतपुरा हाउस के बीच हुआ। जिसमें विंध्या हाउस ने विजय प्राप्त की। दूसरे मैच में अरावली ने हिमालया हाउस को हराया। तीसरे स्थान के लिए मैच सतपुरा हाउस और हिमालया हाउस के बीच हुआ, जिसमें हिमालया हाउस ने मुकाबला जीता। विंध्या हाउस प्रथम, अरावली हाउस द्वितीय, हिमालया हाउस तृतीय रहा। विंध्या हाउस में जशनदीप सिंह, गौरांश सिंह, अर्पित्त तेओटिआ, विराट सक्सेना उशांत वर्मा, अलंकृत शुक्ला, सुमित कुमार शर्मा, जसमन गोराया, देवांश मित्तल थे।

इधर, वॉलीबॉल का पहला मैच अरावली और सतपुरा हाउस के बीच हुआ। जिसमें सतपुरा हाउस ने विजय प्राप्त की। दूसरे में हिमालया हाउस को हराकर विंध्या हाउस ने विजय प्राप्त की। तीसरे स्थान के लिए मैच अरावली हाउस और हिमालया हाउस के बीच हुआ जिसमें अरावली हाउस ने जीत दर्ज की। ऐसे में वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विंध्या हाउस प्रथम, सतपुरा हाउस द्वितीय और अरावली हाउस तृतीय रहा।

### छेड़छाड़ करने का आरोपी पकड़ा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात किसी के होने की आहट सुनाई दी। इस पर परिवार के सदस्यों ने देखा कि कमरे में सो रही बहन से एक युवक छेड़छाड़ कर रहा है। उसे पकड़ा। उसने अपना नाम शकील बताया। जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हेल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


### निशक्तजन सेवा संस्थान का शिविर आज

**पीलीभीत, अमृत विचार:** निशक्तजन सेवा संस्थान का मासिक स्वास्थ्य शिविर रविवार को पूरनपुर रोड पर अंकुर राइस मिल में आयोजित होगा। सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली के चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, हृदय रोग व दांत के मरीजों की जांच की जाएगी। मोतियाबिंद के मरीजों का रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। घुटने एवं पैरों के दर्द के लिए निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाएगी। 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। संस्था अध्यक्ष अमृत लाल ने बताया कि जो लोग कान के डॉक्टर द्वारा संदर्भित पर्चा लेकर आएंगे उन्हें कान की मशीनें निशुल्क दी जाएगी।

# डॉक्टरों और छात्रों को आधुनिक तकनीकों का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में क्रिटिकल केयर से जुड़े विषयों पर आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम और हैंड्स-ऑन कार्यशाला में चिकित्सकों व छात्रों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपने क्लिनिकल कौशल को निखारा।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल में शनिवार को एयरवे मैकेनिकल वेंटिलेशन एवं फ्लेक्सिबल वीडियो लैरींगोस्कोपी विषय पर उच्चस्तरीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम एवं हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईएसए बरेली सिटी शाखा के सहयोग से कॉलेज के लेक्चर हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य इंटर्न, जूनियर व सीनियर रेजिडेंट्स, स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों व चिकित्सा पेशेवरों के क्लिनिकल कौशल को सुदृढ़ करना रहा।

इसमें पीलीभीत, बरेली और शाहजहांपुर से आईसीयू स्टाफ नर्स, तकनीशियन, फिजियोथेरेपिस्ट और वरिष्ठ चिकित्सकों ने भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. आरके भास्कर, विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डॉ. भरत सेठी ने चिकित्सा शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान पुस्तक टेक्स्टबुक ऑफ फंडामेंटल्स ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन का लोकार्पण किया गया और शरीर क्रिया विज्ञान विभाग की स्किल लैब का उद्घाटन भी हुआ। कार्यक्रम में 13 पोस्टर प्रस्तुत किए गए, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्राओं अजीमा खान और गार्गी राजपूत को सम्मानित किया गया।इस मौके पर डॉ. स्वाति कंचन, डॉ. अरविंद एम, डॉ. रतन पाल सिंह, डॉ. शुभम आचारी बी आदि मौजूद रहे। ने वेंटिलेशन से जुड़े पहलुओं को सरल तरीके से समझाया। इसके बाद प्रतिभागियों को विभिन्न प्रशिक्षण स्टेशनों पर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया, जिसमें एयरवे प्रबंधन, वेंटिलेटर संचालन और फाइबरऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी शामिल रहे।



छात्राओं को सम्मानित करतीं प्राचार्य, सीएमओ व अन्य। ● अमृत विचार



कार्यशाला के दौरान प्रेजेंटेशन देतीं डॉक्टर व मौजूद टीम। ● अमृत विचार

- एयरवे और मैकेनिकल वेंटिलेशन पर विशेषज्ञों ने दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण
- स्किल लैब का उद्घाटन, पुस्तक लोकार्पण के साथ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित

# बीसलपुर मंडी में भी बारदाने की दिक्कत

**बीसलपुर, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में 32 गेहूं क्रय केंद्र अलग-अलग विभागों के लगाए गए हैं, जिनमें 16 गेहूं क्रय केंद्र स्थानीय मंडी समिति परिसर में हैं। 14 गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू कर दी गई है।

एक हजार क्विंटल गेहूं से अधिक खरीद हो चुकी है। वारदाने की परेशानी अभी आड़े आ रही है।

बता दें कि आरएफसी के 10, पीसीएफ के 02, पीसीयू का एक, यूपीएसएस के 02 और एफसीआई के एक क्रय केंद्र सहित 16 गेहूं के केंद्र मंडी में है। एफसीआई और पीसीएफ के क्रय केंद्र पर तौल शुरू नहीं हो सकी है। प्रभारी एमओ



बीसलपुर मंडी में पड़ा गेहूं।

### किशोरी से छेड़छाड़ विरोध पर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक परिवार लंबे समय से डेरा डालकर रहता है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मधुमक्खी के शहद बेचकर गुजर बसर करते हैं। आरोप है कि गांव का बंटू, दिलशाद और अजहर सहित कुछ अन्य युवक नाबालिग भतीजी से छेड़छाड़ करते हैं। 11 अप्रैल की सुबह 10 बजे जब किशोरी डेरे के पास बर्तन धो रही थी तभी आरोपी उसे पकड़कर छेड़छाड़ करने लगे। किशोरी के शोर मचाने पर परिवार की महिला मौके पर पहुंचीं तो मारपीट की। जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

# सोशल मीडिया पर दिखेंगे ग्राम पंचायतों के कार्य

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- फेसबुक व एक्स पर नौ वर्ष में कराए गए कार्यों का विवरण व फोटो होंगे अपलोड
- डीपीआरओ ने सचिवों को तीन दिन में सोशल मीडिया अकांउट बनाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** जनपद की ग्राम पंचायतों में पिछले नौ वर्षों के दौरान कराए गए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियां अब जल्दी ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नजर आएंगी। इसको लेकर डीपीआरओ ने सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों को तीन दिन के अंदर सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक और एक्स पर अकाउंट बनाने के निर्देश दे दिए हैं।

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में अब तक हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियां सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक और एक्स पर भी देखे जा सकेंगें।

शासन की मंशा के अनुरूप अब प्रत्येक ग्राम पंचायत की अपनी फेसबुक और एक्स आईडी होगी। डीपीआरओ रोहित भारती ने इस संबंध में सभी सात विकास खंडों के सभी पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

डीपीआरओ द्वारा जारी पत्र में निर्देशित किया गया कि वे संबंधित ग्राम पंचायतों की सोशल मीडिया आईडी अगले तीन दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से बनवा लें। सभी पंचायतों के सचिवों को अकाउंट बनाने के बाद उसमें पिछले नौ वर्षों में कराए गए कार्यों का विवरण, उच्च गुणवत्ता के फोटो एवं वीडियो अपलोड करने को कहा गया है।

### कार्यों के सत्यापन के बाद अपलोड होंगे फोटो-वीडियो

जारी पत्र में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायत के फेसबुक और एक्स हैंडल पर किसी भी तरह की गुणवत्ताहीन या आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट नहीं की जाएगी। किसी भी फोटो या वीडियो को अपलोड करने से पहले संबंधित एडीओ (पंचायत) द्वारा उसका सत्यापन और सहमति अनिवार्य होगी। ब्लाक स्तर पर इस पूरे कार्य की समीक्षा एडीओ (पंचायत) और खंड प्रेरक करेंगे। इस संबंध में डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि सभी सचिवों को तील दिन के भीतर फेसबुक और एक्स पर आईडी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### संगोष्ठी में रखे विचार, बुजुर्ग साथी किए सम्मानित



**अमरिया, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला पंचायत सदस्य एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी के निवास पर शनिवार को विचार गोष्ठी हुई। अध्यक्षता शहर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने की। मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव सत्येंद्र मौर्य रहे। निरंजन कुमार गंगवार, रूपराम कश्यप, अदील मलिक, अशर्फी लाल सागर, रशीद मलिक आदि ने विचार व्यक्त किए। फैज़ अंसारी, राशिद खान, भूरा वारसी, देवकुमार मौर्य, हरपाल सिंह सागर, राहुल कुमार, जानकी प्रसाद, किशोरी लाल सागर आदि कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और सामाजिक न्याय व समानता के लिए किए गए योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बाबा साहब के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद, निस्तारण के निर्देश



**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिले के समस्त थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक फरियादियों की सुनवाई की गई। जमीन संबंधी मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाई गई। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव थाना सुनगढ़ी में पहुंचे और मौजूद फरियादियों को सुना। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आपसी विवाद संबंधी शिकायतों के संबंध में क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे, न ही अधिक समय तक शिकायत लंबित रखी जाए।

### श्रीराम राज्याभिषेक के साथ कथा का समापन



**बिलसंडा, अमृत विचार:** देवीस्थान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा का शनिवार को समापन हो गया। कथा व्यास प्रेममूर्ति पंकज मिश्रा ने भक्तों को राम राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाया। जिसे सुनकर भक्त मंत्र मुग्ध हो गए।

उन्होंने कहा कि जब प्रभु राम लंका के राजा रावण का वध करके वनवास के चौदह वर्ष पूर्ण होने के पर अयोध्या पहुंचते हैं, तब अयोध्यावासी प्रभु के आने का समाचार सुन कर प्रसन्न होते हैं। प्रभु के स्वागत में पूरी नगरी को सजाया जाता है। नगरवासी घी के दीये जलाते हैं। प्रभु का राज्याभिषेक किया जाता है। जिसमें देवगण भी पुष्पवर्षा करते हैं। भजन और मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल वृद्ध की मदद करने पर युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गोला गोकरननाथ के मथुरा नगर निवासी रितिक गुप्ता लखीमपुर आए थे। वह अपने दोस्त सुधांशु के साथ बाइक से बैंक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शहर के बीआर ज्वेलर्स के सामने एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया। रितिक ने मानवता दिखाते हुए उसे उठाने का प्रयास किया। इसी बीच 2-3 अज्ञात युवक मौके पर पहुंचे और रितिक के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। रिपोर्ट कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सब्जी के पैसे मांगने पर युवक पर ईंट से हमला

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** विलासपुर अलीगंज निवासी ललित सब्जी खरीदने शहर के संकटा देवी क्षेत्र में सब्जी खरीदने दुकान पर आया। जब दुकानदार राम किशोर ने उससे सब्जी के पैसे मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पास पड़ी ईंट उठाकर राम किशोर के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनके सिर फूट गया। घटना के समय पीड़ित दुकान पर अकेले मौजूद था। हमले के बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। प्रकरण की जांच एसआई गौरव कुमार को सौंपी है।

# देशभक्ति, देवभक्ति और प्रेरणादायी प्रस्तुतियां देकर बच्चों ने मोहा मन

## चैती मेलाः सांस्कृतिक संध्या, लघु नाटिका सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा को मिली सराहना



गोला में पुरस्कृत स्कूली बच्चों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति, देवभक्ति और प्रेरणादायी प्रस्तुतियों से माहौल को भावपूर्ण बना दिया। स्थानीय संगीत सम्मेलन में कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

चैती मेले के 13वें दिन आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्र आदि रहे। अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान की प्रधानाचार्य शशिबाला राबड़ा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक लघु नाटिका से हुई।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर आधारित इस प्रस्तुति ने दर्शकों को जागरूक करते हुए खूब तालियां बटोरीं। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने राधा-कृष्ण गीत पर प्रस्तुति दी। प्रकाशदीप शिक्षा निकेतन के छात्रों ने वो कृष्णा है गीत पर मनमोहक नृत्य किया।

शारदे ज्ञान मंदिर के बच्चों ने मोबाइल बुरी बला है के जरिए सामाजिक संदेश दिया। रामजानकी इंटर कॉलेज के छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी प्रस्तुति देकर सभी को भावुक कर दिया।

### आज का कार्यक्रम

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 12 अप्रैल को कपिल बाबरा झांकी ग्रुप का कार्यक्रम सायं सात बजे से।



चैती मेला के मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे। ● अमृत विचार

### स्थानीय कलाकारों ने भी बांधा समा

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद आयोजित स्थानीय संगीत सम्मेलन में कलाकारों ने अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजेश गुप्ता, आदेश राजपूत, गायत्री सिंह और श्रीराम शाह ने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को देर रात तक मंत्रमुग्ध बनाए रखा।

### अवैध खनन में 2 ट्रैक्टर और रेपर मशीन सीज

**औरंगाबाद, अमृत विचारः** मैगलगंज थाना क्षेत्र के औरंगाबाद कस्बे में अवैध खनन की शिकायत लगातार की जा रही थी। खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह ने शिकायत को संज्ञान लेकर शुक्रवार की देर रात स्थानीय पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉली और एक रैपर मशीन को पकड़ लिया, जिसे सीज कर पुलिस को सौंप दिया गया है।

### मारपीट की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुर्तिहा निवासी प्रेमप्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह रात्रि नौ बजे खेत सींचकर घर आ रहा था तभी गांव के श्यामलाल ने अपने पायलेसर के सामने सिर पर ईंट मारकर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### गन्ने की फसल में आग की दो के नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** गांव करनपुर निवासी शिवकुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उन्होंने 4 बीघा खेत गांव के रामासरे को बटाई पर दे रखा है, जिसमें गन्ना खड़ा है। 7 अप्रैल की शाम गांव के पंकज शुक्ला और नटवर ने आग लगा दी, जिससे गन्ना नष्ट हो गया। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# 22 अप्रैल को लखीमपुर सम्मेलन पर हुई चर्चा



गोला में जिलाध्यक्ष राजू अग्रवाल को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देते पदाधिकारी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● वैश्य समाज की बैठक में कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**अमृत विचारः** वैश्य समाज संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में हुई वैश्य समाज की बैठक जिलाध्यक्ष राजू अग्रवाल की अध्यक्षता में 22 अप्रैल को लखीमपुर में होने वाले वैश्य सम्मेलन पर चर्चा की गई और संगठन की मजबूती के लिये कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

बैठक विधानसभा अध्यक्ष राजेश गुप्ता मंगला के आवास पर हुई। बैठक में 22 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर होने वाले वैश्य व्यापारी संगठन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। तय हुआ कि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं वैश्य समाज संगठन के मुखिया नन्द गोपाल गुप्ता नंदी के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक व्यापारी एवं सजातीय बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष की अनुमति से नगर अध्यक्ष शरद गुप्ता सोनू को बनाया गया। युवा नगर अध्यक्ष सुमित गुप्ता का मनोनयन किया गया।

बैठक में मंडल संरक्षक अरविंद गुप्ता रामजी, नगर अध्यक्ष लखीमपुर श्यामू गुप्ता, मंडल संगठन मंत्री ईशान गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष आदित्य गुप्ता आदी, युवा जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता, वरिष्ठ सजातीय रामकृष्ण गुप्ता, विधानसभा कोषाध्यक्ष डॉ. नीलम गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी मनोज गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, संजीव गुप्ता, नीरज गुप्ता, प्रभात श्रीवास्तव, उत्कर्ष गुप्ता सहित अनेक स्वजातीय मौजूद रहे।

### आरएसएस का पथ संचलन आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह महेंद्रनाथ पाठक ने बताया कि संघ अपने शताब्दी वर्ष पर पूरे देश में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में गोला नगर एवं कुंभी खंड द्वारा पथ संचलन का आयोजन 12 अप्रैल को किया जाएगा, जिसका शुभारंभ सायं चार बजे सिद्धि विनायक गेस्ट हाउस से होगा। पथ संचलन नगर के सिद्धिविनायक गेस्ट हाउस से नानकचौकी, सिनेमा रोड, शिवम कांप्लेक्स, अलीगंज रोड, अशोक चौराहा, मोहम्मदी रोड, पुराना बाईपास, विकास चौराहा, खुटार रोड, अशोक चौराहा होकर पुन : सिद्धिविनायक में समापन होगा। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समरसता, जागरूकता एवं संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर एक दिशा में आगे बढ़ाना है।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# श्रमिकों की समस्या से निजात दिलाएगी आरएमडी मशीन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● पेड़ी फसल से मिलेगी किसानों को अधिक पैदावार

**अमृत विचारः** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल यूनिट द्वारा मिल परिक्षेत्र के कृषको को पेड़ी प्रबन्धन कृषि यंत्र आरएमडी का वितरण किया गया।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने बताया कि इस मशीन से श्रमिकों की बढ़ती समस्या से निजात मिलेगी साथ ही पेड़ी फसल में अधिक पैदावार भी मिलेगी। वरिष्ठ महा प्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने बताया कि यह आरएमडी कृषि यंत्र किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होगा और पेड़ी गन्ने की पैदावार बढ़ाने में यह मशीन सहायक होगी। यह मशीन पेड़ी के ठूंठों की जमीन की सतह से कटाई, पुरानी जड़ां को तोड़ने, लाइनों के बीच में गुड़ाई के साथ उर्वरक डालने के साथ साथ ठूंठों पर स्प्रे का कार्य एक बार चलाने पर ही कर देगी। यह मशीन किसानों को बढ़ती लेवर समस्या से भी निजात देगी।

शनिवार को मिल गेट के प्रगतिशील कृषक महेन्द्र साहनी निवासी ग्रंट नंबर तीन, तनवीर सिंह निवासी हीरपुर फार्म को आरएमडी दी गई। चीनी मिल के सहा महाप्रबन्धक गन्ना ओडी शर्मा, प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र, संजीव चौधरी, उप प्रबंधक गन्ना सुनील सिंह, सहायक प्रबंधक गन्ना अनूप मिश्र आदि मौजूद रहे।

# आपातकाल में जीवनरक्षक कौशलों के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर-खीरी

**अमृत विचारः** अजमानी पब्लिक स्कूल में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं ओजस्विनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक कौशलों के प्रति जागरूक करना और उन्हें व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की सचिव आरती श्रीवास्तव व अनुराग सक्सेना एड., लाइफ मेंबर्स सुनीता सिंह, बबीता सक्सेना का विद्यालय की संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी और प्रधानाचार्या डॉ. मंजू पाठक ने स्वागत किया। कार्यशाला के मुख्य सत्र में आरती श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर तकनीकों का विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को चोट लगने, बेहोशी, जलने और सांस रुकने जैसी आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने के उपाय सिखाए।

बच्चों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. मंजू पाठक ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पश्चात संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संचालन उप-प्रधानाचार्या नमिता महेंद्र ने किया।



कार्यशाला में मरीज का डेमो और सीपीआर के प्रदर्शन के दौरान मुख्य अतिथि, विद्यार्थी और प्रबंधन के लोग। ● अमृत विचार

● प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# नामकरण से विकास तकः खीरी में चुनावी जमीन मजबूत कर गए योगी

● चुनावी बिगुलः पहचान, विकास और वादों से साधे समीकरण

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखीमपुर खीरी दौरे को आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा है। दो जनसभाओं में किए गए एलान और दिए गए संदेश साफ संकेत देते हैं कि सत्तारूढ़ दल ने चुनावी रणनीति पर काम तेज कर दिया है।

मोहम्मदी के मियांपुर गांव का नाम बदलकर रविंद्रनगर करने की घोषणा प्रतीकात्मक राजनीति का बड़ा संदेश मानी जा रही है। यह कदम सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रवाद के मुद्दे को मजबूती से आगे बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, थारू जनजाति और भूमि क्षरण से प्रभावित परिवारों को भौमिक अधिकार देना सीधे तौर पर ग्रामीण और वनवासी वोट बैंक को साधने की रणनीति है। लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा कर सरकार ने इन वर्गों में भरोसा मजबूत करने का प्रयास किया है। उधर, 1311 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर सरकार ने विकास को चुनावी मुद्दा बनाने का संकेत दिया है। सड़कों, सिंचाई, आवास और अन्य योजनाओं के जरिए क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश नजर आती है।



गांव मियांपुर का सरकारी स्कूल, जो गांव के विकास को दर्शा रहा।

### विपक्ष पर साधा सीधा हमला

सीएम ने अपने भाषण में सपा और पूर्ववर्ती सरकारों पर माफिया संरक्षण और झूठे मुकदमों का आरोप लगाकर कानून-व्यवस्था को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की रणनीति अपनाई। इससे भाजपा एक बार फिर सख्त शासन की छवि को भुनाने की तैयारी में दिख रही है। लखीमपुर खीरी की सात विधानसभा सीटों पलिया, निघासन, गोला गोकर्णनाथ, मोहम्मदी, लखीमपुर, श्रीनगर और धौरहरा पर सीधा फोकस यह दिखाता है कि पार्टी यहां अपना जनाधार और मजबूत करना चाहती है। बहरहाल, मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि चुनावी जमीन मजबूत करने की बड़ी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों की बसाहट, पहचान और अधिकार की लंबी कहानी

मोहम्मदी क्षेत्र की मियांपुर कॉलोनी की कहानी सिर्फ एक गांव की नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और पहचान की तलाश की कहानी है। वर्ष 1964 में पूर्वी पाकिस्तान ( अब बांग्लादेश) से विस्थापित होकर आए 150 से अधिक हिंदू परिवारों को यहां बसाया गया था। सरकार ने उस समय इन परिवारों को जमीन तो आवंटित की, लेकिन केवल पट्टे के रूप में। पूर्ण मालिकाना हक न मिलने के कारण इन लोगों को वर्षों तक कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ी परेशानी बैंक से कर्ज न मिल पाने की रही, जिससे किसान किसान क्रेडिट कार्ड ( केसीसी) जैसी योजनाओं का लाभ भी नहीं उठा सके। इसके बावजूद इन परिवारों ने हार नहीं मानी। सीमित संसाधनों में भी अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षित किया और गांव को एक नई पहचान दिलाई। विकास के लिहाज से भी मियांपुर कॉलोनी आज क्षेत्र में अलग स्थान रखती है। स्थानीय स्तर पर हुए विकास कार्यों में क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के प्रयासों की अहम भूमिका मानी जाती है। आज जब गांव के नाम बदलने की घोषणा और अधिकार मिले, तो यह इन परिवारों के दशकों पुराने संघर्ष को नई दिशा मिलने का संकेत भी माना जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### केपीएसडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल को मिला प्रथम स्थान

**गोला गोकर्णनाथ।** चैती मेला में हुए स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में केपीएसडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल कालिकानगर लाल्हापुर, गोला के प्रतिभाशाली बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार श्रीवास्तव को प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी और प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। प्रबंधक राजीव मणि गुप्ता, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### भाजपा के गांव चलो अभियान का आरंभ



**बिलहरी, अमृत विचार :** भाजपा के गांव, बस्ती चलो अभियान के निमित्त मैलानी मंडल की ग्राम पंचायत बेलवा के तुर्कीखेड़ा गांव में मंडल महामंत्री मिथलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सुमित अवस्थी, पूर्व प्रधान व प्रधान संघ के प्रदेश सचिव प्रमोद वर्मा शेरू के साथ गांव के भगवान शंकर मंदिर पर स्वच्छता की। पदाधिकारियों ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान कर डोर टू डोर लाभार्थी सम्पर्क में भारतीय जनता पार्टी के 47 वर्ष पूर्ण होने पर व्यापक चर्चा कर पार्टी की उपलब्धियों के पत्रक बांटे।

### सपा में फैसल खान बने जिला सचिव

**लखीमपुर खीरी।** जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने पुराने साथी फैसल खान को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया। उनके मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उन्होंने खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा के साथ फासल खान को मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान डॉ. आरए उस्मानी, अनुराग पटेल, हेमंत भार्गव, दीपक रस्तोगी, इसरार अहमद, अमित वर्मा, आरिफ खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फैसल खान को बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



### कर्मयोगी मिशन में लखीमपुर जिला प्रदेश में प्रथम



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित कर्मयोगी मिशन में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। कर्मयोगी मिशन के नोडल अधिकारी एवं राजकीय इंटर कॉलेज, शारदा नगर के प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी ने बताया कि इस उपलब्धि में जिले के शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई दी तथा उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि जिले की प्रगति दर 85 .19 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमश : शामली और रायबरेली जनपद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### जब कॉलोनी के स्कूल पहुंच गए मुख्यमंत्री

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान पता चला कि कॉलोनी में सरकारी स्कूल भी है और विधायक ने काफी सुसज्जित कराया है। फिर क्या मुख्यमंत्री विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के साथ संविलियन विद्यालय, मियांपुर (रविंद्रनगर) के निरीक्षण के लिए पहुंचे तो उन्होंने बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की। बच्चों से उन्होंने उनकी पढ़ाई और गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। विद्यालय की व्यवस्था और शिक्षण कार्य को देखकर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट भी दी। उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यहां का वातावरण और शिक्षा व्यवस्था सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### फर्जी दस्तावेजों से बैनामा कराने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार**
कोतवाली क्षेत्र के गांव खडरहिया मजरा लखरावां निवासी शिवलाल की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में कहा है कि उसकी मां रम्या देवी की मौत 2006 में हो चुकी है। उनकी मां के नाम ग्राम लखरावां परगना भूड की गाटा सं 859, 860 में जमीन दर्ज है। आरोप है कि विपक्षी उर्मिला देवी पत्नी जगमोहन निवासी खडरहिया मजरा लखरावां ने 12 मई 2009 को फर्जी महिला खड़ीकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करवा लिया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गांव निवासी उर्मिल देवी पत्नी जगमोहन, जगमोहन, प्रेम शंकर, ओम प्रकाश, जगन्नाथ और मंगरेलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 32 बोर पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर पुलिस ने शनिवार को शहर के मोहल्ला इमली चौराहा निवासी आलोक शुक्ला को हिदायत नगर के पास से 32 बोर की देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसआई अरविंद तिवारी की तहरीर पर आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

# तेंदुए के हमले में किशोर हुआ घायल, गांव में फैली दहशत

## घास काटने गया था शंकरपुर गांव निवासी किशोर, साथियों के शोर मचाने से बच गई जान, वन विभाग ने जारी की सतर्कता बरतने की एडवाइजरी


संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचारः** भीरा वन क्षेत्र के शंकरपुर गांव में शनिवार सुबह तेंदुए के हमले से एक किशोर घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है।

गांव शंकरपुर निवासी अभिषेक (15) पुत्र विद्यासागर शनिवार सुबह करीब 10 बजे गांव के अन्य लड़कों के साथ बकरी के लिए घास काटने खेतों की ओर गया था। करीब दस लोग बजाज चीनी मिल परिसर के पास खेतों में मौजूद थे, तभी बाउंड्री के अंदर छिपे तेंदुए ने अचानक अभिषेक पर हमला कर दिया। हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ गए लड़कों ने शोर मचाया, जिसके बाद तेंदुआ अभिषेक को छोड़कर भाग गया। इससे उसकी जान बच गई। घायल अवस्था में अभिषेक को परिजन तुरंत बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसका इलाज किया गया। बाद में हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया।


घायल अभिषेक के घर पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार


तेंदुए को खदेड़ने के लिए पहुंचे ग्रामीणों को समझाते वनकर्मी। ● अमृत विचार


घायल अभिषेक।

### शंकरपुर में ग्रामीणों को दिए सुरक्षा और संरक्षण के टिप्स

**भानपुर, अमृत विचार :** गांव शंकरपुर में शनिवार को वन्यजीव संरक्षण एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने को लेकर जागरूकता गोष्ठी हुई, जिसमें वन दरोगा राम किशुन यादव और शरद मिश्रा ने कहा कि जंगल से सटे गांवों में अक्सर तेंदुआ, सियार और नीलगाय जैसे वन्यजीव पहुंच जाते हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को घबराने के बजाय सतर्कता और समझदारी से काम लेना चाहिए। किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई कर किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने वन्यजीवों को पर्यावरण का अभिन्न अंग बताया। कहा कि उनका संरक्षण इको-सिस्टम के संतुलन के लिए बेहद जरूरी है। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे अपने घरों और खेतों के आसपास साफ-सफाई रखें, कूड़ा-करकट इधर-उधर न फैलाएं और रात के समय अकेले बाहर निकलने से बचें। गोष्ठी में वन विभाग के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### तेंदुए ने नीलगाय का किया शिकार

**सिंगाही, अमृत विचार :** बेलरायां वन रेंज क्षेत्र के गांव मूर्तिहा निवासी अमरीक सिंह के घर के पास सुबह एक नीलगाय घूम रही थी। तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। तेंदुआ नीलगाय को करीब 80 मीटर तक घसीट कर ले गया और उसे मारकर खा गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है और लोग घरों से बाहर निकलने में भी सावधानी बरत रहे हैं। नीलगाय के अवशेष मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र में तेंदुए के मौजूद होने की पुष्टि की है, जिससे गांव के लोगों की चिंता और बढ़ गई है। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेज दिया गया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावित क्षेत्र में जल्द ही पिंजरा लगाया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने, बच्चों को अकेले बाहर न जाने देने और खेतों या जंगल की ओर समूह में जाने की सलाह दी गई है।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। विभाग ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे खेतों में अकेले न जाएं, समूह में रहें और किसी भी वन्यजीव की गतिविधि की सूचना तुरंत दें। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण ट्रैक्टर और डंडे लेकर तेंदुए की तलाश में खेतों की ओर निकल पड़े, लेकिन वन विभाग की टीम ने उन्हें समझाकर शांत कराया और घरों को वापस भेज दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से तेंदुए की लगातार मौजूदगी बनी हुई है, लेकिन कई बार सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे लोगों में भय का माहौल है और किसान खेतों में जाने से कतरा रहे हैं।

> बच्चे को तेंदुए के हमले से हल्की चोट आई थी और इलाज के बाद वह सुरक्षित घर लौट आया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने की सलाह दी गई है।
> **-सतीश चंद्र वर्मा**, वन क्षेत्राधिकारी वन रेंज भीरा।


तेंदुए के हमले में घायल अभिषेक के पिता विद्यासागर ने बताया कि उनका बेटा घास काटने गया था, तभी तेंदुए ने हमला कर दिया। वन विभाग की बड़ी लापरवाही है।


रविंद्र कुमार ने बताया कि तेंदुए के डर से गेहूं की कटाई और सिंचाई का काम प्रभावित हो रहा है। ऐसा भी नहीं है कि वन विभाग को इसकी जानकारी नहीं है।


मुन्नालाल का कहना है कि हमेशा वन अधिकारी तेंदुआ पकड़ने और पिंजरा लगाने का आश्वासन तो देते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत तो यह है कि वह कुछ करते ही नहीं।

# एथलेटिक्स मीट में आगरा ए का दबदबा, बना क्लस्टर चैंपियन

- वाराणसी ए को मिला दूसरा स्थान
- नेशनल एथलेटिक्स मीट के लिए चुनी गईं होनहार छात्राएं

संवाददाता मितौली

**अमृत विचारः** जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय बालिका वर्ग की एथलेटिक्स मीट में आगरा ए कलस्टर चैम्पियन बना। वहीं वाराणसी ए कलस्टर दूसरे स्थान पर रहा है। यहां चयनित छात्राओं को नेशनल एथलेटिक्स मीट में खेलने का मौका मिलेगा। विजयी छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली में शुक्रवार को रीजनल एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ डीसी मनरेगा अमित सिंह परिहार ने किया था। इसमें उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के 89 जवाहर नवोदय विद्यालयों के 8 संकुलों लखनऊ ए व बी, वाराणसी ए व बी, आगरा ए व बी, हरिद्वार ए व बी की 187 छात्राओं ने अपना हुनर दिखाया। घोषित नतीजों में आगरा ए क्लस्टर चैंपियन बना है। वहीं वाराणसी ए क्लस्टर दूसरे स्थान पर रहा है। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन शिक्षिका नूपुर गोस्वामी व प्रीती पाठक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेजबान स्कूल के मेल पीटी कमलेश वर्मा व फीमेल पीटी नीरु कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।


चैंपियन टीम के साथ विद्यालय परिवार व अन्य लोग। ● अमृत विचार

विजयी छात्राओं को ट्राफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर व खेलों में विशेष सहयोग करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रभारी प्रिंसिपल आरके सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित दिया। इसके अलावा एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 4 छात्राएं बेस्ट खिलाड़ी चुनी गई। अंडर 14 वर्ग में रुचि व ममता गोस्वामी, अंडर-17 राधा रानी व अंडर-19 में भूमिका पाल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में चयनित किया गया। इन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश प्रसाद, युगल किशोर, गौरव सोनकर, मीनाक्षी सिंह, अनिल कुमार सिंह, एसपी सिंह, एनडी वर्मा, पंकज मिश्रा, जीके शुक्ला, संजय कुमार, दीपक सत्यार्थी, एके सिंह, योगेश कुमार, रिंकी शर्मा, कंचन सिंह, इमरान समर आदि शिक्षक शिक्षिकाएं व विभिन्न स्कूलों से छात्राओं के साथ आई शिक्षिकाओं मौजूद रहीं।

# शास्त्री नगर में हार्डवेयर दुकान में भीषण आग


आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी। ● अमृत विचार

- लाखों का सामान राख, रात ढाई बजे जागे मालिक तो देखा धुआं
- दमकल की दो गाड़ियों ने बुझाई आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर के व्यस्त शास्त्री नगर में स्थित माया ट्रेडर्स नाम की हार्डवेयर की दुकान में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों से दमकल कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

दुकान के ऊपर बनी बिल्डिंग में दुकान मालिक सुबोध उर्फ गुड्डन अपने परिवार के साथ सो रहे थे। रात लगभग 2:30 बजे अचानक उन्हें धुआं उठता दिखाई दिया। पहले तो उन्हें कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब धुआं तेज हुआ तो वह तुरंत नीचे पहुंचे। नीचे का नजारा देख उनके होश उड़ गए। देखा तो पूरी दुकान में आग भड़क चुकी थी और लपटें तेजी से फैल रही थीं। आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें दुकान से बाहर निकल रहीं थीं। सुबोध ने तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को जगाया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

शोरगुल सुनकर तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि कोई दुकान के आसपास भी नहीं भटक सका। इससे उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। कुछ ही देर में आग ने दुकान में रखे पीवीसी पाइप, फिटिंग्स, प्लास्टिक सामग्री और अन्य प्लंबिंग से जुड़े सामान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हालांकि तब तक दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए थे। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग की तत्परता की सराहना की, जिससे आग को समय रहते नियंत्रित किया जा सका। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण की जांच की जा रही है। दुकान मालिक सुबोध के अनुसार इस हादसे में करीब 5 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम का किया सामूहिक गायन


गोला के सरस्वती विद्या निकेतन में वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते विद्यार्थी।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शनिवार को एक साथ सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गाया।

लखीमपुर रोड स्थित सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों, युवाओं में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने के लिए शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक अभिषेक कुमार की मौजूदगी में वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मधु त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कराया जाता है। यह गीत देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और आत्म गौरव की भावना जाग्रत करता है। आरएसएस और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लापता युवक की सड़क हादसे में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सुआगाड़ा निवासी सौरभ पुत्र ओमप्रकाश 8 अप्रैल को अपनी ससुराल राजापुर जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह ससुराल तो पहुंचा, लेकिन देर रात तक न तो वापस लौटा और न ही घर पहुंचा। इसके बाद परिवार के लोग उसकी लगातार तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।थक-हारकर परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि एक अज्ञात युवक का शव मोर्चरी में रखा हुआ है। इस सूचना पर परिजन मोर्चरी पहुंचे, जहां उन्होंने शव की शिनाख्त सौरभ के रूप में की। शहर कोतवाल ने बताया कि 8 अप्रैल की रात शहर के फन मॉल के पास हुए सड़क हादसे में सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहचान न होने पर शव मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया था।

# माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया और छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया।

संघ के आह्वान पर मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह और महामंत्री वीर प्रताप सिंह की अगुआई में डीआईओएस दफ्तर पर पहले धरना देकर नारेबाजी की गई, फिर डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से पेंशन और वित्तीय मामलों से जुड़ी समस्याओं को उठाया गया। इनमें एनपीएस योजना से आच्छादित शिक्षक/कर्मचारियों की कटौती राशि को राज्यांश व ब्याज सहित अपडेट करने, ओपीएस में शामिल हो चुके शिक्षकों की एनपीएस कटौती राशि उनके जीपीएफ खाते में जमा कराने, विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने के लिए विकल्प पत्र शीघ्र भरवाकर निदेशालय भिजवाने, परिषदीय परीक्षाओं से जुड़े सभी प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान जल्द किए जाने, शिक्षकों के लंबित देयक प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराने और सत्र 2021-22 में चयनित शिक्षकों के सत्यापन से जुड़े लंबित मामलों को तत्काल निपटाए जाने आदि मांगें प्रमुख रहीं। इस दौरान कोषाध्यक्ष दर्शन गुप्ता, दिनेश तिवारी, अशोक कुमार सिंह, शिरीष त्रिवेदी, बलवीर सिंह आदि थे।


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह व महामंत्री वीर प्रताप सिंह।

- डीआईओएस कार्यालय पर जुटे शिक्षक, पेंशन व अन्य मुद्दों के समाधान की मांग

## भीषण आग से पांच घर जलकर राख

**निघासन, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव देवीदीन पुरवा में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे बहादुर के घर से आग लगने की शुरुआत हुई। तेज हवा ने आग को और भड़का दिया, जिससे लपटें तेजी से आसपास के घरों तक पहुंच गईं। कुछ ही देर में बहादुर, राम खेलावन, दिनेश कुमार, सोबरन और विजय पाल के घर भी आग की चपेट में आ गए। ग्रामीण अपने-अपने घरों से सामान बचाने के लिए दौड़ पड़े। कई लोगों ने पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता के आगे उनकी कोशिशें नाकाफी साबित हुईं। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पांचों घर और उनमें रखा सामान जल चुका था। झंडी चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। लेखपाल जगदीश प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया है। आग की चपेट में आकर सोबरन की दुकान पूरी तरह जल गई। इसके अलावा एक इंजन तथा राम खेलावन का भी एक इंजन आग में नष्ट हो गया।

अमृत विचार अभियान

बिजुआ ब्लॉक में करोड़ों से बने केंद्र खंडहर में तब्दील, स्टाफ नदारद, जिम्मेदार बेपरवाह

# कैसे होगा रोगियों का उपचार, जब उप स्वास्थ्य केंद्र खुद ही पड़े बीमार

संवाददाता, मूड़ा सवारान (खीरी)

**अमृत विचारः** ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से बनाए गए उप स्वास्थ्य केंद्र खुद बदहाल स्थिति में हैं। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के अधिकांश उप स्वास्थ्य केंद्र खंडहर में तब्दील हो चुके हैं।

ब्लॉक क्षेत्र में कुल 38 उप स्वास्थ्य केंद्र हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश केंद्रों पर न तो नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिल पा रही हैं और न ही स्टाफ की मौजूदगी सुनिश्चित हो पा रही है। स्थिति यह है कि महीने में एक-दो दिन होने वाले टीकाकरण के दौरान भी कई स्थानों पर तैनात एएनएम केंद्रों पर नहीं पहुंचती हैं। एक ओर जहां मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं, वहीं दूसरी ओर गांवों में रहने वाले लोग प्राथमिक इलाज और दवाइयों के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए थे, लेकिन अधिकांश केंद्रों की हालत इतनी खराब है कि वहां उपचार की उम्मीद करना भी मुश्किल हो गया है।

**करोड़ों खर्च, लेकिन हालात बदतर :** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर इन भवनों का निर्माण कराया गया था। साथ ही चिकित्सा उपकरणों की खरीद पर भी भारी धनराशि खर्च की गई।

### सफाई बजट में भी गड़बड़ी के आरोप

उप स्वास्थ्य केंद्रों की साफ-सफाई और रखरखाव के लिए ग्राम प्रधान और एएनएम के संयुक्त खाते में सरकार द्वारा धनराशि भेजी जाती है। लेकिन आरोप है कि इस धन का उपयोग उप केंद्रों पर न होकर अन्यत्र कर लिया जाता है, जिससे केंद्रों की साफ-सफाई और रखरखाव नहीं हो पाता।

> विभाग को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। जिसमें छैरासी, भानपुर, मालपुर, करसौर आदि जगहों के उप स्वास्थ्य केंद्र सही हो गए हैं। बाकी प्रक्रिया में हैं, वह भी शीघ्र ही सही करा दिए जाएंगे। **- डॉ. सुभाष वर्मा** सीएचसी प्रभारी बिजुआ।

### कभी भी नहीं खुला पिपरिया भूड़ का उप स्वास्थ्य केंद्र

ग्रामीण बताते हैं कि उप स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद से आज तक इस केंद्र पर कोई पहुंचा ही नहीं। उप स्वास्थ्य केंद्र अपनी लाचारी खुद बयां कर रहा है। केंद्र में फैली गंदगी और झाड़ियां खुद बता रही हैं कि यह केंद्र कब से नहीं खुला है।



### स्टाफ की कमी और देखरेख का अभाव

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण उप स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त स्टाफ की तैनाती नहीं हो सकी है। देखरेख के अभाव में कई भवन जर्जर हो चुके हैं। कहीं खिड़की-दरवाजे चोरी हो गए हैं, तो कहीं उप केंद्रों को पशुओं के तबेले में बदल दिया गया है। कई स्थानों पर सांप-बिच्छुओं ने इन्हें अपना ठिकाना बना लिया है।

### केंद्र बनाने के लिये निकाली गई मिट्टी का गड्ढा तक नहीं भरा


उप स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद से आज तक इस केंद्र में किसी भी एएनएम ने बैठना उचित नहीं समझा। केंद्र के बाहर निकाली गई मिट्टी से तालाब नुमा गड्ढा आज तक भरा नहीं जा सका है। गांव की गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के लिये दूर जाना पड़ता है।

### देखरेख के अभाव में उग आए झाड़-झंखाड़


केंद्र बनने के बाद से दोबारा इसमें किसी ने रंग रोगन साफ सफाई कराना जरूरी नहीं समझा, जिस कारण केंद्र के अंदर सांप बिच्छू दिन में भी टहलते मिलते हैं। गांव में एएनएम कौन है, यह कोई जानता ही नहीं।

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिये भटकते हैं ग्रामीण


उप स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद से आज तक कभी भी ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। छोटी बीमारी के लिए ग्रामीणों को झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता है या कई किलोमीटर चलकर बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना पड़ता है।

